मूल्य 1 रु.
वर्ष: 12 - अंक : 253, मुंबई, मंगलवार, 22 नवंबर, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

# मलाड में हैवानियत की हद पार!

## पत्नी से झगड़े के बाद पिता ने रेता 6 साल के बेटे का गला

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** बीवी से मामूली कहा सुनी के बाद गुस्साए युवक ने अपने 6 साल के बेटे की गला रेत आकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पिता फरार हो गया। घटना को इस समय अंजाम दिया गया जब पत्नी घर पर नहीं थी। पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना के सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मुंबई के मलाड इलाके में नंदन अधिकारी अपनी पत्नी सुनीता, बेटे लक्ष्य (6), और 13 साल की बेटी के साथ रहता है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### आए दिन होता था विवाद

आरोपी पिता ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि उसका अपनी पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था, जिसके बाद गुस्से में आकर उसने घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने पुलिस को ये भी बताया कि दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। उसके पत्नी उसकी बात नहीं मानती थी जिसके कारण गुस्सैल स्वभाव के कारण उसका अक्सर पत्नी से झगड़ा हो जाता था। कई बार बात मारपीट तक भी पहुंच जाती थी।

# उद्धव ने बीजेपी पर बोला हमला

## कहा- हत्यारों और रेपिस्ट को रिहाई के बाद लड़ाया जाता है चुनाव



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सियासी घमासान जारी हैं। इस बीच रविवार को राज्य के पूर्व सीएम और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ता जा रहा है और वह आजादी की रक्षा करने वाले किसी भी शख्स से हाथ मिलाने को तैयार हैं। उद्धव ठाकरे ने यह बात एक प्रोग्राम के दौरान कही, जहां उन्होंने पहली बार वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर के साथ मंच शेयर किया और उनके साथ हाथ मिलाने का संकेत भी दिया। इसके साथ ही उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। बीजेपी पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने कहा कि मौजूदा समय में रेपिस्ट और हत्यारों को बरी कर दिया जाता है, रिहाई के बाद उन्हें सम्मानित किया जाता है और चुनाव लड़ने के लिए टिकट भी दिया जाता है। यह हिंदुत्व नहीं है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल


**जरूरी सूचना**

सभी को सुचित किया जाता है कि अगर दै. मुंबई हलचल के नाम पर कोई व्यक्ति संवाददाता बता कर आपसे कोई भी गलत व्यवहार करता है तो आप तुरंत अपने स्थनीय पुलिस स्टेशन में जाकर उस व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराये, अगर आप उस व्यक्ति से कोई लेन-देन करते हैं तो उसका जिम्मेदार आप खुद होंगे.

धन्यवाद...संपादक

आप दै. मुंबई हलचल के कार्यालय में नीचे दिये गये नंबर पर संपर्क कर सकते हैं
9820961360

## दूसरी जाति में शादी करने से नाराज माता-पिता ने बेटी की हत्या कर लाश मथुरा में एक्सप्रेस वे पर फेंकी, दोनों गिरफ्तार



**मुंबई।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर ट्रॉली बैग में मिली लड़की की लाश मामले का पुलिस का खुलासा कर दिया है। इस मामले की जो सच्चाई सामने आई है, उसे सुनकर पुलिस वाले भी हैरान है। यह मामला ऑनर किलिंग का निकला है। पिता ने ही अपनी इकलौती बेटी की हत्या कर उसकी लाश को ट्रॉली बैग में रखकर हाई वे किनारे फेंक दिया था। मामले के खुलासे के बाद पुलिस ने मृतका के पिता और माता को गिरफ्तार कर लिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# शेयर ट्रेडिंग एजेंट ने बुजुर्ग महिला से की 3.14 करोड़ रुपये की ठगी

## मुंबई पुलिस ने दिल्ली से दबोचा




**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई की बोरीवली पुलिस की टीम ने रविवार को दिल्ली से एक 44 वर्षीय शेयर ट्रेडिंग एजेंट को बुजुर्ग महिला से 3.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने आरोपी को 26 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, बोरीवली थाने में इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी ने कथित तौर पर 77 वर्षीय सेलिनो पिंटो के पैसे को एक फर्जी डीमैट खाते में ट्रांसफर करके ठगी की। आरोपी की पहचान नरेश भरत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि नरेश ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। शिकायतकर्ता मुंबई के बोरीवली पश्चिम इलाके की रहने वाली है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### ये न 'लव' है और न ही 'जिहाद'

**थोक वोट** कबाड़ने के लिए हमारे राजनीतिक दल आजकल ऐसे-ऐसे पैंतरे अपना रहे हैं और बेसिर-पैर की दलीलें दे रहे हैं कि कई बार मुझे आश्चर्य होता है कि वे देश को किस दिशा में ले जा रहे हैं। आजकल कुछ प्रदेशों में विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनावों हो रहे हैं। गुजरातियों और मुसलमानों के थोक वोट पटाने के लिए यदि कांग्रेस वीर सावरकर को बदनाम कर रही है तो आफताब-श्रद्धा कांड को भाजपा के कुछ नेता 'लव जिहाद' का नाम दे रहे हैं ताकि वे हिंदू वोट पटा सकें। वास्तव में आफताब ने श्रद्धा की जो बर्बरतापूर्ण हत्या की है, उसकी जितना निंदा की जाए, वह कम है। आफताब को तुरंत इतनी कड़ी सजा इस तरीके से दी जानी चाहिए कि हर भावी हत्यारे के रोंगटे खड़े हो जाएं लेकिन उसे 'लव जिहाद' कहने की तो कोई तुक नहीं है। आफताब और श्रद्धा के बीच न 'लव' था और न ही 'जिहाद'। दोनों के बीच प्रेम होना तो अपने आप में बड़ी बात है, अगर उनमें थोड़ी भी आत्मीयता होती तो उनके पिछले तीन साल में क्या बार-बार इतने जानलेवा झगड़े होते? जब सचमुच का प्रेम होता है तो प्रेमी और प्रेमिका एक-दूसरे के लिए अपने प्राण भी न्यौछावर कर देते हैं। और जहां तक जिहाद का सवाल है, जिहादे-अकबर का अर्थ होता है- अपने काम, क्रोध, मद, लोभ और वासनाओं पर विजय पाना। यह, जो दोनों के बीच सहवास संबंध हुआ (लिविंग टुगेदर), वह जिहाद का एकदम उल्टा है। यदि जिहादे-असगर का अर्थ आप को यह लगता है कि धर्म-परिवर्तन के लिए मुसलमान लोग हिंदू लड़कियों को अपने चक्कर में फंसा लेते हैं तो इसमें ज्यादा दोष किसका है? क्या वह व्यक्ति मूर्ख नहीं है जो ऐसे चक्कर में फंस जाता है? ऐसे मूर्खों की हानि पर कोई अफसोस क्यों व्यक्त करे? लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि सारी अंतरधार्मिक शादियां 'लव' के नाम पर 'जिहाद' ही होती हैं। मैं भारत और विदेशों में ऐसे दर्जनों परिवारों को निकट से जानता हूं, जिनमें पति और पत्नी विभिन्न धर्मों के हैं लेकिन उनमें कोई विवाद नहीं होता। या तो वे लोग सभी धर्मों को पाखंड मानते हैं या फिर वे अपने आप को इनसे ऊपर उठा लेते हैं। जो लोग धर्मनिष्ट होते हैं, वे अपने-अपने धर्म को सहज भाव से मानते हैं लेकिन आजकल पश्चिमी राष्ट्रों की नकल पर हमारे यहां भी 'लिव इन रिलेशनशिप' (सहवास) का रिवाज चल पड़ा है। याने शादी किए बिना साथ-साथ रहना। श्रद्धा और आफताब का मामला भी वैसा ही था। ऐसे मामलों में 'लव-जिहाद' के नाम पर वासना की भूमिका ज्यादा तगड़ी होती है। ऐसा संबंध व्यभिचार और दुराचार को बढ़ाता है। यह परिवार नामक पवित्र संस्था का विलोम है। ऐसे संबंधों का समर्थन किसी भी धर्म में नहीं है। समानधर्मी लोगों के बीच ऐसे संबंध कहीं ज्यादा होते हैं। इसीलिए सभी धमार्नुयायियों को एक-दूसरे की टांग खींचने के बजाय परिवार नामक संस्था की रक्षा के लिए कटिबद्ध होना चाहिए।

# भारत जोड़ो यात्रा : चुनावी चुनौतियां और भारतीय समाज

**ऐसा लगता है कि भाजपा अजेय बन गई है। प्रचारकों से लेकर स्वयंसेवकों और उनसे लेकर पन्ना प्रमुखों तक की लगातार सक्रियता और समाज में बढ़ती धार्मिकता के कारण हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि एक समय भाजपा के शीर्ष नेताओं में से एक अमित शाह ने यहां तक दावा किया था कि उनकी पार्टी अगले 50 सालों तक देश पर शासन करेगी।**



**भारत** जोड़ो यात्रा की शानदार सफलता के चलते भारतीय समाज और राजनीति से जुड़े कई मसले उभरकर सामने आए हैं। यद्यपि भारत जोड़ो यात्रा का घोषित उद्धेश्य पिछले तीन दशकों में हुए धार्मिक विभाजन को समाप्त करना है परंतु इससे किसानों, महिलाओं और युवाओं की समस्याएं, बढ़ती महंगाई, आदिवासियों की बदहाली व समाज में बढ़ता असुरक्षा का भाव भी उजागर हो रहे हैं। यह यात्रियों के बयानों और भाषणों से तो जाहिर हो ही रहा है, यह इससे भी जाहिर है कि लोग अत्यंत उत्साह से यात्रा में शामिल हो रहे हैं और उन्हें इससे बड़ी उम्मीदें हैं। पिछले तीन दशकों में भारतीय समाज का तेजी से विभाजन हुआ है। भावनात्मक मुद्दों का बोलबाला हो गया है, धार्मिक हिंसा बढ़ रही है और निर्धन व हाशियाकृत समुदायों की स्थिति खराब होती जा रही है। मुख्यधारा का मीडिया, जिसे अब गोदी मीडिया कहा जाता है, इन सब मुद्दों को नजरअंदाज कर रहा है। परंतु यह सुखद है कि सोशल मीडिया का एक हिस्सा, अनेक छोटे टीवी चैनल और यूट्यूबर, भारतीय समाज की इस उथल-पुथल को जनता के सामने ला रहे हैं। इससे निराशा में डूबे लोगों में आशा का संचार हुआ है। जहां तक चुनावी राजनीति का प्रश्न है, भाजपा की स्थिति बहुत मजबूत है। उसे संघ परिवार द्वारा चलाए गए अभियान से हिन्दू राष्ट्रवाद के मजबूत होने का लाभ तो मिल ही रहा है, वह धनबल, बाहुबल और ईडी जैसी संस्थाओं का दुरूपयोग कर अवसरवादी राजनेताओं को अपने शिविर में लाने में भी कामयाब रही है।

ऐसा लगता है कि भाजपा अजेय बन गई है। प्रचारकों से लेकर स्वयंसेवकों और उनसे लेकर पन्ना प्रमुखों तक की लगातार सक्रियता और समाज में बढ़ती धार्मिकता के कारण हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि एक समय भाजपा के शीर्ष नेताओं में से एक अमित शाह ने यहां तक दावा किया था कि उनकी पार्टी अगले 50 सालों तक देश पर शासन करेगी। देश की दूसरी राष्ट्रीय पार्टी - कांग्रेस - बहुत कमजोर हो गई थी। ऐसे अनेक नेता जिनकी निष्ठा धर्मनिरपेक्षता और भारतीय संविधान के मूल्यों में नहीं थी, कांग्रेस छोड़कर अन्य पार्टियों में जाने लगे थे क्योंकि उन्हें लगता था कि उनका भविष्य कांग्रेस की अपेक्षा अन्य पार्टियों में बेहतर होगा। परंतु जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती जा रही है, राहुल गांधी की छवि बेहतर होती जा रही है। ऐसा लगता है कि इस अग्निपरीक्षा से राहुल गांधी एक निपुण, ईमानदार और संवेदनशील नेता बनकर उभरेंगे और यह साबित करेंगे कि वे स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के सपनों के भारत का निर्माण करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस, जो विचारधारा और संगठन दोनों की दृष्टि से दिन-ब-दिन कमजोर होती जा रही थी, को मानो नया जीवन मिल गया है। अब ऐसा लग रहा है कि वह वर्तमान स्थितियों से निपटने में सक्षम है। प्रश्न यह है कि क्या कांग्रेस उपस्थित चुनौतियों से निपटने का प्रयास करेगी ताकि वह देश की राजनीति में अपना खोया हुआ स्थान फिर से प्राप्त कर सके। भारत में कई दशकों तक कांग्रेस अत्यंत मजबूत राजनैतिक जमावड़ा थी। स्वाधीनता संघर्ष के दौरान वह ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष करने वाली सबसे बड़ी संस्था थी। कांग्रेस के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने धर्मनिरपेक्षता की नींव पर आधुनिक भारतीय राष्ट्र का निर्माण किया और यह सुनिश्चित किया कि प्रजातांत्रिक मूल्य भारत के मानस का हिस्सा बनें। हमारे औपनिवेशिक आकाओं की भविष्यवाणियों के विपरीत, भारत में स्वाधीनता के बाद सत्ता में आए नेताओं ने यह सुनिश्चित किया कि देश प्रजातंत्र बना रहे और स्वतंत्रता के लाभ हर नागरिक तक पहुंचें।

महात्मा गांधी ने किसानों सहित देश के सभी वर्गों के आम लोगों को स्वाधीनता संघर्ष का हिस्सा बनाया। उन्होंने महिलाओं के अन्तर्निहित गुणों को पहचाना और उन्हें गोलबंद किया। कुल मिलाकर प्रजातान्त्रिकरण एवं समावेशी राजनीति के जरिए देश ने औपचारिक समानता से वास्तविक समानता की ओर यात्रा शुरू की। परंतु कांग्रेस में कई आंतरिक कमियां थीं और ऐसी अनेक बाहरी शक्तियां भी थीं जिनके कारण इस यात्रा की राह में कई बाधाएं खड़ी होने लगीं। कांग्रेस अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में विचारधारात्मक निष्ठा उत्पन्न नहीं कर सकी। कई लोग केवल सत्ता के लालच में पार्टी का हिस्सा बन गए। नेहरू ने कई बार यह चेतावनी दी कि साम्प्रदायिक तत्वों ने पार्टी में घुसपैठ कर ली है परंतु संगठन के स्तर पर इसे रोकने का गंभीर प्रयास नहीं किया गया। देश में भू-सुधार न होने और पूर्व-आधुनिक सोच का बोलबाला बने रहने का लाभ धार्मिक दक्षिणपंथियों ने उठाया। हिन्दू राष्ट्रवादियों ने दकियानूसी, पुरातनपंथी एवं प्रतिगामी विचारधारा को मजबूती दी। समाज में व्याप्त धार्मिकता का लाभ उठाते हुए उसने राममंदिर, गौरक्षा आदि को राष्ट्रीय मुद्दे बना दिया। आरएसएस की सबसे बड़ी ताकत है प्रतिबद्ध कार्यकताओं की विशाल सेना। ये कार्यकर्ता इतिहास को एक विशेष नजरिए से देखते हैं, उनकी मान्यता है कि प्रजातंत्र और धर्मनिरपेक्षता पश्चिमी अवधारणाएं हैं जो भारत के लिए प्रासंगिक नहीं हैं और वे अतीत का महिमामंडन करते हैं - उस काल का जिसमें मनुस्मृति का राज था। उन्होंने ऐसी स्थिति निर्मित कर दी है जिसके चलते आम लोगों का जीवन दूभर हो गया है।

एक प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी के रूप में कांग्रेस को एक ओर प्रजातंत्र और बहुवाद के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का मुकाबला करना है तो दूसरी ओर देश में आर्थिक समानता स्थापित करनी है। कांग्रेस को आंतरिक प्रजातंत्र की भी आवश्यकता थी जिसकी शुरूआत हाल में पार्टी के अध्यक्ष के प्रजातांत्रिक निर्वाचन से हो गई है। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि उसके कार्यकर्ताओं को वैचारिक प्रशिक्षण दिया जाए। उन्हें यह बताया जाए कि गांधी और नेहरू की सोच क्या थी, वे भारतीय इतिहास को किस रूप में देखते थे और आज देश को उस समावेशी विचारधारा की जरूरत क्यों है जो स्वाधीनता संग्राम की प्रेरक शक्ति थी। आने वाले समय में पार्टी को विचारधारा और संगठन दोनों के स्तर पर खुद को मजबूत बनाना होगा। इस सिलसिले में यह यात्रा चमत्कारिक परिणाम लाने वाली साबित हो सकती है। इस यात्रा से पार्टी के नेतृत्व को देश के आम लोगों की समस्याएं समझ में आएंगी। कुबेरपतियों की समस्याएं तो हमेशा से आसानी से सुलझती रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा हमें महात्मा गांधी की देशव्यापी यात्रा की याद दिलाती है। महात्मा गांधी रेल के तीसरे दर्जे में यात्रा करते थे जिससे उन्हें देश की नब्ज समझने में मदद मिली।

यह जरूरी है कि यात्रा में सभी धर्मों जातियों और वर्गों के पुरूषों और महिलाओं को शामिल किया जाए। ट्रोल सेना और हिन्दू राष्ट्रवाद के रंग में पूरी तरह रंग चुके लोग चाहे कुछ भी कहते रहें, अधिकांश नागरिक चाहते हैं कि देश में सामाजिक-आर्थिक समानता हो और सभी को पूरी आजादी उपलब्ध हो। ऐसे लोगों को भी यात्रा का हिस्सा बनाया जाना चाहिए जो स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यह यात्रा संभावनाओं से भरी हुई है और ऐसा लगता है कि वह भारत को स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मार्ग पर तेजी से आगे ले जाने में कामयाब होगी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# खस्ता हालत में पहुंच गया मुंब्रा बाबाजी पाटील वाडी स्थित चूहा पुल

## कभी भी घट सकती है प्राणघातक दुर्घटना, कब जागेगा प्रशासन

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंब्रा।** लगभग 5 दशक पहले बने बाबाजी पाटील स्थित खाड़ी चूहा पुल जोकि मुंब्रा से दिवा जाने में उपयोग किया जाता है इस चूहा पुल के बारे में संपूर्ण रुप से जानकारी देते हुए मुंब्रा देवी सेवा मंडल के अध्यक्ष कांतिलाल भानुदास वाघमारे ने बताया यह चूहा पुल का निर्माण पांच दशक पहले बाबाजी पाटिल वाडी की खाड़ी पर बनाया गया है उसके बाद आज तक इसकी देखभाल मनपा प्रशासन द्वारा नहीं की गई और इसको लावारिस छोड़ दिया गया आज उसकी परिस्थिति यह है यह चूहा पुल पूरी तरह से खस्ता हालत में पहुंच गया है साइड में लगी रेलिंग भी टूट गए हैं उन्होंने बताया यह चूहा पुल पर आज भी रेती के बड़े डंपर की आवाजाही लगी रहती और यह चूहा पुल मुंब्रा से दिवा जाने के लिए एकमात्र यही फुल है जो मुंब्रा दिवा को जोड़ता है दिवा से मुंब्रा आने जाने वाले लोग इसी चूहा पुल का उपयोग दिन-रात करते हैं और सुबह और शाम के वक्त वृद्ध महिलाएं और



पुरुष मॉर्निंग वॉक करने के लिए इसी चूहा पुल पर आते हैं जब इस चूहा पुल से रेती का डंपर गुजरता है उस वक्त यह चूहा पुल हिल ने लगता है जिससे चूहा पुल पर से गुजरने वाले राहगीरों में डर का माहौल पैदा हो जाता है और आसपास बने स्कूल और कॉलेज के छात्र छात्राएं भी इस चूहा पुल में कभी कबार नजर आते हैं उन्होंने बताया आज इस चूहा पुल की हालत पूरी तरह से खस्ता हो चुकी है अगर वक्त रहते प्रशासन ने इस ओर अपना ध्यान केंद्रित नहीं किया गया तो कभी भी प्राण घातक दुर्घटना सामने आ सकती है उन्होंने बताया कई बार मुंब्रा प्रभाग समिति द्वारा इस चूहा पुल का दौरा भी किया गया लेकिन मामला टाय टाय फिश नजर आया किसी प्रकार का कोई भी कार्य मुंब्रा प्रभाग समिति द्वारा नहीं किया गया है उन्होंने बताया मैंने इस बाबाजी पाटील स्थित खाड़ी चूहा पुल के संबंध में लिखित शिकायत राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस साहब,बांधकाम मंत्री, जिला अधिकारी, तहसीलदार ,और सहायक आयुक्त को की है अब देखना यह है जिस प्रकार नागरिक द्वारा खड़ी चूहा पुल की खस्ता हालत को देखते हुए प्रशासन को जागरूक करने की कोशिश की जा रहा है और आने वाले बड़े खतरे के बारे में अवगत कराया जा रहा है क्या मनपा प्रशासन इनके द्वारा की गई शिकायत का संज्ञान लेगी क्या जब तक कोई बड़ी दुर्घटना ना हो जाए तब तक इंतजार करती रहेगी यह देखने वाली बात होगी।

# रिदा रशीद की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दलित समुदाय के प्रवीण पवार द्वारा किया गया भूख हड़ताल

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंब्रा।** रिदा रशीद की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दलित समुदाय के प्रवीण पवार द्वारा भूख हड़ताल करने का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में प्रवीण पवार ने बताया कि रिदा रशीद द्वारा दलित समुदाय के शिवा जगताप को मंदिर से निकालने की बात कहीं गई थी और उनके साथ में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया था और उनके द्वारा कही गई बातों में दलित जाति को नीचा दिखाने की बात कही गई थी उसके बाद मुंब्रा पुलिस द्वारा उनकी शिकायत पर एट्रोसिटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया यह मामला गत 14 नवंबर सोमवार को मुंब्रा पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज किया गया लेकिन आज एक हफ्ता



बीत गया अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया उन्होंने बताया कि हम लोग लगातार एसीपी डीसीपी और मुंब्रा पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के संपर्क में है सिर्फ हम लोगों को कहा जा रहा है कि जांच की जा रही है लेकिन अभी तक रिदा रशीद को गिरफ्तार नहीं किया गया है उन्होंने कहा उनके द्वारा हमारे नेता जितेंद्र आव्हाड पर विनयभंग का मामले दर्ज किया गया और मुंब्रा पुलिस द्वारा गिरफ्तार भी किया गया था लेकिन हमारे नेता ने संविधान को समझते हुए न्यायालय से जमानत ली लेकिन यह बात समझ से परे है आखिर क्यों रिदा रशीद को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है उन्होंने आरोप लगाया है कि मौजूदा सरकार के दबाव में प्रशासन काम कर रहा है और यही वजह है कि रिदा रशीद खुलेआम घूम रही है उन्होंने कहा है जब तक रिदा रशीद को गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक हमारी भूख हड़ताल जारी रहेगी इस अवसर पर एनसीपी के तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहां कि जल्द रिदा रशीद को गिरफ्तार किया जाए अगर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया तो आज एक प्रवीण पवार भूख हड़ताल पर है कल दसों लोग मिलकर भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

# पुणे-बेंगलुरु हाईवे पर टैंकर का ब्रेक फेल, सड़क पर बिखरा तेल, 48 वाहन क्षतिग्रस्त, 30 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे में नावले ब्रिज पर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक टैंकर के कई वाहनों से टकरा जाने से कम से कम 30 लोग घायल हो गए हैं। पुणे फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना के कारण 48 वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि पुणे-बेंगलुरु राजमार्ग पर नावले पुल पर एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें लगभग 48 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद पुणे फायर ब्रिगेड और पुणे मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएमआरडीए) के बचाव



दल मौके पर पहुंच गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नावले ब्रिज पर एक टैंकर के ब्रेक फेल हो गए थे, जिसके बाद वह कई वाहनों से टकरा गया। यह दुर्घटना रविवार रात 9 बजे की बताई जा रही है। इस हादसे में टैंकर का तेल सड़क पर फैल गया, जिससे यहां फिसलन हो गया। वहीं हादसे के कारण सतारा से मुंबई जाने वाली सड़क पर ट्रैफिक जाम हो गया है। इस दौरान 2 किमी से अधिक लंबा ट्रैफिक जाम की सूचना मिली है। दरअसल नावेल ब्रिज पिछले कुछ दिनों से हादसों का अड्डा बनता जा रहा है। शुक्रवार को आउटर रिंग रोड पर नावले पुल के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई थी।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मलाड में हैवानियत की हद पार!

नंदन बेहद गुस्सैल प्रवृत्ति का है जिसको लेकर आए दिन उसका पत्नी से विवाद होता रहता है। शुक्रवार रात भी पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। सुबह सुनीता बेटी को लेकर उसे स्कूल छोड़ने चली गई। जब वह बेटी को स्कूल छोड़कर घर लौटी तो फर्श पर उसके 6 साल के बेटे लक्ष्य का खून से लथपथ शव पड़ा था। मुंबई पुलिस के मुताबिक, आरोपी नंदन अधिकारी ने अपनी पत्नी सुनीता से झगड़े के बाद अपने बेटे लक्ष्य की हत्या कर दी। घटना को उस दौरान अंजाम दिया गया, जब पत्नी घर पर मौजूद नहीं थी। किसी नुकीली चीज से उसका गला रेतकर हत्या की गई थी। पत्नी की तहरीर के आधार पर आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी पिता नंदन अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### शेयर ट्रेडिंग एजेंट ने बुजुर्ग महिला से की 3.14 करोड़ रुपये की ठगी

पुलिस के अनुसार, 77 वर्षीय महिला के पास 16 अलग-अलग कंपनियों के 3.14 करोड़ रुपये के शेयर हैं। कथित तौर पर महिला का शेयर खान ट्रेडिंग कंपनी में डीमैट अकाउंट हैं। पीड़ित सेलिनो पिंटो को धोखाधड़ी के बारे में तब पता चला जब उसे ट्रेडिंग कंपनी से नाम और पता बदलने के बारे में एक लेटर मिला। जिसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। जांच में पता चला कि आरोपी ने सेलिनो पिंटो के नाम से एक फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया है। जांच के दौरान यह पता चला कि महिला के शेयरों को आरोपी ने ग्लोबल कैपिटल मार्केटिंग कंपनी के दूसरे डीमैट खाते में ट्रांसफर किया। आरोपी ने कथित तौर पर पूरे शेयर बेच दिए और पैसों को चंद्रकांत शाह नामक व्यक्ति के डीमैट अकाउंट में ट्रांसफर करने की तैयारी कर रहा था। पुलिस जब शाह के घर पहुंची तो पता चला कि 2017 में उनकी मौत हो चुकी थी। दरअसल आरोपी ने फर्जी दस्तावेज बनवाए थे। फिर पुलिस टीम ने कांजुरमार्ग में शेयर खान के कार्यालय से मई महीने के सीसीटीवी फुटेज हासिल किए। जिससे आरोपी की फोटो मिल गई। इसके बाद बोरीवली पुलिस की टीम आरोपी को दिल्ली से पकड़ने में कामयाबी रही। पूछताछ में उसने एक अन्य आरोपी राजन सिंह का नाम बताया। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर बोला हमला

उद्धव ने यह भी कहा कि मौजूदा समय में फूट डालो और राज करो की ब्रिटिश नीति का अनुसरण किया जा रहा है। बता दें कि प्रकाश आंबेडकर संविधान निर्माता डॉ बीआर आंबेडकर के पोते हैं। उद्धव ठाकरे के दादा 'प्रबोधनकार' केशव सीताराम ठाकरे के कामों को दर्शाने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रबोधनकार डॉट कॉम को शुरू करने के अवसर पर ये दोनों दिग्गज नेता एक साथ थे। इस मौके पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। उन लोगों को बाहर फेंकने की आवश्यकता है जो सत्ता के लालची हैं। मैं उन लोगों से हाथ मिलाने को पूरी तरह से तैयार हूं जो आजादी की रक्षा करना चाहते हैं। मौजूदा समय में फूट डालो और राज करो की ब्रिटिश नीति का अनुसरण किया जा रहा है। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रकाश आंबेडकर को ज्ञान और जानकारी से भरपूर व्यक्ति बताया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह और आंबेडकर वैचारिक रूप से एक ही मंच पर हैं और साथ काम करेंगे। ठाकरे ने आगे कहा कि अगर हम साथ नहीं आते हैं तो हमें अपने दादा का नाम लेने का कोई हक नहीं है। उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा समय में गाय का मांस मिलने पर पीट-पीट कर मार डाला जाता है, लेकिन रेपिस्ट और हत्यारों को रिहा कर दिया जाता है, रिहाई के बाद उन्हें सम्मानित किया जाता है और इलेक्शन लड़ने के लिए टिकट भी दिया जाता है। यह हिंदुत्व नहीं है। उद्धव ठाकरे का इशारा बिल्किस बानो प्रकरण के सभी 11 अभियुक्तों की रिहाई की तरफ था।

### दूसरी जाति में शादी करने से नाराज माता-पिता ने बेटी की हत्या कर लाश मथुरा में एक्सप्रेस वे पर फेंकी

लड़की के लाश की पहचान उसकी मां और भाई ने कर ली है। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। ट्रॉली बैग में जिस युवती की लाश मिली थी, उसकी पहचान आयुषी यादव के रूप में है। 21 वर्षीय आयुषी के पिता नीतेश यादव ने ही बेटी की गोली मारकर हत्या कर उसकी लाश को मथुरा में फेंक दिया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

# जय हिंद कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब के प्रसंग 'साइलेंट सैटरडेझ 2022' का तीसरा हफ्ता भी सफलतापूर्वक संपन्न



**मुंबई।** मुंबई में स्थित, जय हिंद कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब के प्रसंग 'साइलेंट सैटरडेझ' के चौदहवें वर्ष का तीसरा हफ्ता भी सफलतापूर्वक समाप्त हो चुका है। तीसरे हफ़्ते में क्लब के सदस्यों ने 'भूख' का मुद्दा उठाया था। समाज में होने वाले भुख के समस्या को मध्य नजर रखते हुए क्लब के सदस्यों ने इस पूरे हफ्ते, सोमवार से शुक्रवार तक, घाटकोपर में स्थित जागृति नगर के बस्ती में जाकर, वहा रहने वाले परिवारों को दिन के एक समय का भोजन दान किया। इन छात्रों ने उन्हें एक दिन इडली वडा, एक दिन समोसा पाव, एक दिन सैंडविच, एक दिन पाव भाजी और एक दिन पूरी भाजी, ऐसे रोज अलग अलग खाने के पदार्थ प्रदान किए। क्लब के सदस्यों ने दान करने के बाद वहा के परिवारों के साथ कुछ समय भी बिताया एवम उनके बच्चों को भोजन का महत्त्व बताया और उन्हें समझाया की स्वास्थ्य जीवन के लिए पौष्टिक आहार महत्वपूर्ण हैं। इस शनिवार को क्लब के सदस्यों ने चर्चगेट स्टेशन, अंधेरी स्टेशन और गोरेगांव स्टेशन, यह तीन स्थानकों पर एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दुनिया में आए दिन होने वाली खाने की बरबादी की समस्या को दर्शाया और लोगों को अन्न के महत्व समझाया। इसी के साथ क्लब के सदस्य ने 'अन्न का महत्व' इस विषय के प्रति जागरूकता लाने का प्रयत्न किया। इसी तरह 'साइलेंट सैटरडेझ 2022' का तीसरा हफ्ता भी सफलतापूर्वक समाप्त हुआ।

# जीडीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बाल मेला आयोजित

**हितेश सोनी (रामाजी गुडा)**

**पाली।** खौड के जीडीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चो के साथ उनके अभिभावकों ने भी बड़े उत्साह के साथ मेले में लजीज व्यंजनों एवम विभिन्न खेलों का आनंद लिया। संस्था प्रधान मनीष शर्मा ने बताया कि मेले में विद्यालय के छात्र छात्राओं के अलावा अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मेले का शुभारंभ पुलिस



कांस्टेबल रमेश कुमार,पुलिस कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार, डायरेक्टर नरेश शर्मा समाजसेवी अरविंद गोयल ने फीता काटकर किया। बाल मेले के आयोजन मेले में पुलिस कांस्टेबल रमेश कुमार द्वारा बच्चो को ट्रैफिक रूल्स, गुड टच व बाद टच के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने डांस एवं एक मिनट चैलेंज में भाग लेकर विभिन्न खेलों में भाग लेकर इनाम जीते। वही मेले मे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।







दैनिक
मुंबई हलचल

जरूरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815


# रूपाहेली में पोषण वाटिका विकसित करने के लिए महिलाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा जिले के रुपाहेली में कट्स संस्थान द्वारा स्वीडिश सोसाइटी फॉर नेचर कंजर्वेशन के सहयोग से राजस्थान में उपभोक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सतत उपभोग की गतिविधियों एवं जैविक उपभोग व उत्पादन को बढ़ाते हुए जीवन शैली की संस्कृति का विकास करना प्रोस्कोप परियोजना के तहत जैविक आदर्श ग्राम बनाने के लिए भीलवाड़ा के रूपाहेली, सुवाणा ब्लाक में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डॉ. सुचित्रा दाधिच, प्रोफेसर, कृषि अनुसंधान केन्द्र ने बताया कि पोषण वाटिका को घर-घर में महिलाओं द्वारा अपनाया जा रहां हैं। जैविक किचन गार्डन को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाएं और कैसें लगाया जाए उसकी विस्तृत जानकारी कार्यशाला में दी गई। साथ ही बताया कि किसान अगर चाहे तो घर पर ही पारंपरिक बीज को संजोकर रख सकता हैं या क्लेक्शन विधि से बीज को संग्रहित कर सकता हैं साथ हीं घर पर जैविक तरीके से खाद बना सकता हैं, जिसमें जीवामृत बनाने की विधि महिला किसानों को समझाई गई, हरी खाद एवं ढ़ांचा की खाद का भी ज्यादा से ज्यादा उपयोग किसानों को अपने खेत पर करना चाहिए। कट्स संस्थान के राजदीप पारीक, कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि भीलवाडा जिले में रूपाहेली गांव को आदर्श जैविक ग्राम बनाने के लिए कई गतिविधियां की जा रही है, इसी के उद्देश्य के लिए घरों के पोषण वाटिका विकसित की जा रही है, इसके कारण एक तो मानव स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, हमे शुद्ध और ताजा खाना खाने को मिलेगा और घर में पैसों की बचत भी होगी, साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से पोषण वाटिका कैसे तैयार करते हैं उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया गया, रूपाहेली ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमति गीता देवी जाट ने भी जैविक पोषण वाटिका से सब्जिया प्राप्त करने के लिए महिलाओं को प्ररित किया।

# कादरी ग्रुप ने आमेट में चलाया जिलानी लंगर



**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**आमेट।** हजरत गोसे आजम बगदादी पीराने पीर अब्दुल कादिर जीलानी र.अ. साहेब का लँगर कादरी ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा कर्बला ग्राउंड आमेट के पास लगाया जिसमें जामा मस्जिद पेश ईमाम कुर्बान गुलजारी,मदीना मस्जिद पेश ईमान हाजी अब्दुल रज्जाक,नगर पालिका उपाध्यक्ष हाजी मिरु खान मंसूरी,अहले सुन्नत जमाअत के सदर जनाब जहूर अहमद सोरगर,सेक्रेटी जनाब तुफैल अहमद उस्ता, कादरी ग्रुप के सदर एवम सदस्य, हाजी वहीद रहमानी,याकूब मोहम्मद कुरेशी,कयाम कुरेशी, अजमत कुरेशी,यासीन मंसूरी, इरफान मंसूरी,रफीक काजी, सलीम काजी,मदीना मस्जिद कोषाध्यक्ष सुल्तान बेग,शाहरुख काजी,शेर मोहम्मद ईडवा,हुसैन अब्बासी,अमीर ईडवा,सलमान शेख,ताहिर कुरेशी सहित मुस्लिम महासभा रास्ट्रीय सह सचिव जाफर खान फौजदार मौजूद रह कर कादरी ग्रुप व देश मे अम्नो अमान खुशहाली की दुआएँ मांगी गई।

# खाचरियावास का स्वागत कर केंसर पीडित शिक्षक एवं उनकी पत्नी को न्याय दिलाने की मांग

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** राज्य सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास एवं विधायक एवं मुख्यमंत्री सलाहकार संयम लोढा के शिवगंज आगमन पर संगठन द्वारा साफा एवं माल्यार्पण से राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत एवं महामंत्री डॉ हनवन्तसिंह मेडतिया के नेतृत्व में स्वागत कर केन्सर पीडित सत्यनारायण बैरवा एवं उनकी पत्नी सविता बैरवा के वेतन भुगतान के आदेश के बावजूद भुगतान करने में जानबुज कर विलम्ब करने वाले दोषी प्रधानाचार्यो को निलम्बित करवाकर अविलम्ब वेतन भुगतान की मांग की। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार (प्रगतिशील) के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत ने मंत्री खाचरियावास एवं विधायक लोढ़ा को बताया कि केन्सर पीडित सत्यनारायण बैरवा एवं उनकी पत्नी सविता बैरवा को साढे तीन



वर्षो से मुंगथला एवं खडात प्रधानाचार्य द्वारा न्यायालय स्थगन के बावजूद भी कानून कायदे ताक में रखकर हैरान परेशान किया। आदेश के बावजूद उपस्थिति पंजिका में जबरन हस्ताक्षर करने नहीं दिये। मुख्यमंत्री कार्यालय को शिकायत के बाद निदेशालय द्वारास निष्पक्ष जांच करवाई। उसके बाद निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा बीकानेर द्वारा लगभग 100 दिवस की अवधि को जांच के आधार पर उपस्थित मानने के बाद संयुक्त निदेशक पाली एवं नियुक्ति अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा सिरोही द्वारा वेतन भुगतान के आदेश किये गये। लेकिन संबन्धित प्रधानाचार्य खडात एवं मुंगथला द्वारा शासन के आदेश की अवहेलना एवं अवज्ञा कर 6 माह गुजरने के बाद भी अभी तक वेतन भुगतान नही करना आपराधिक कृत्य की श्रेणी आता हैं। जिस पर विधायक लोढा ने संगठन को आश्वस्त किया हैं कि शीघ्र ही वेतन भुगतान कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करवाई जायेगी। मीडिया प्रभारी वर्मा के अनुसार इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेश खत्री, जसवन्तसिंह परमार, रमेश रांगी, सविता शर्मा, ओमजीलाल शर्मा, महेन्द्रपाल परमार, भंवरलाल हिन्डोनिया, जोराराम मेघवाल, भंवरसिंह दहिया, राजेन्द्र गहलोत, नरेन्द्रसिंह, दिनेश गहलोत, रतीलाल मीणा, देशाराम मीणा, प्रवीण जानी, हरीराम कलावन्त, नितेश शर्मा, मनीष शर्मा, रमेश कुमार, सुरजीतसिंह कविया, सहित अनेक शिक्षक नेता उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी, बोले- किसानों, युवाओं, आदिवासियों से मिलकर उनका दर्द किया महसूस

**नई दिल्ली।** देशभर में कांग्रेस की भारत जोड़ों यात्रा चल रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सभी जगहों पर जाकर लोगों से मिल रहे है। यात्रा के दौरान उन्होंने कहा किसानों, युवाओं और आदिवासियों से मिलकर और उनकी समस्याएं सुनकर उनका दर्द महसूस किया। गुजरात में अपनी पहली चुनावी रैली में गांधी ने सूरत जिले के महुवा में आदिवासियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश के पहले मालिक हैं और दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनके अधिकारों को छीनने के लिए काम कर रही है। आपको बता दे कि राहुल गांधी ने कहा, वे आपको वनवासी कहते हैं। वे यह नहीं कहते कि आप भारत के पहले मालिक हैं, बल्कि यह कहते हैं कि आप जंगल में रहते हैं। आपको फर्क दिखता है? इसका मतलब है कि वे नहीं चाहते कि आप शहरों में रहें, वे



नहीं चाहते कि आपके बच्चे इंजीनियर बनें, डॉक्टर बनें, विमान उड़ाना सीखें, अंग्रेजी बोलें। कांग्रेस नेता ने कहा, वे चाहते हैं कि आप जंगल में रहें, लेकिन वहां रुकें नहीं। उसके बाद वे आपसे जंगल छीनने लगते हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो अगले 5-10 वर्षों में सारे जंगल दो-तीन उद्योगपतियों के हाथ में हो जाएंगे, और आपके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं होगी, शिक्षा, स्वास्थ्य और नौकरी नहीं मिलेगी। गांधी ने कहा कि देश की एकता के लिए आयोजित 'भारत जोड़ो' यात्रा के दौरान उन्होंने किसानों, युवाओं और आदिवासी समुदाय के लोगों की समस्याएं सुनकर उनके दर्द को महसूस किया। गुजरात की 182 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को चुनाव होंगे और मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

# भीलवाड़ा में चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के अवसर पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा में कट्स चाइल्डलाइन 1098 मनाए जा रहे चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह एवं बाल अधिकार सप्ताह के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुभाष नगर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉक्टर राजेश छापरवाल एवं फारुख खान पठान बाल कल्याण समिति सदस्य ने बच्चो से बात की, डॉक्टर राजेश छापरवाल ने बच्चो को स्वस्थ्य रहने की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चो को हमेशा अपनी परेशानी परिवार को बतानी चाहिए साथ ही उन्होंने बालिकाओं से बात करते हुए बताया कि यौन शौषण के खिलाफ देश में पॉक्सो अधिनियम बना हुआ है, अगर बालिकाओं के साथ कोई



गलत तरीके से बरताव करे तो चाइल्डलाइन 1098 पर कॉल कर अपनी समस्या बताए, फारुख खान पठान, सदस्य बाल कल्याण समिति ने बताया कि बालिकाओं को अपनी बात छुपानी नही चाहिए, उन्होंने छुपी तोड़ो अभियान के बारे में जानकारी दी, साथ बाल कल्याण समिति के कार्य के बारे में बताया कि समिति बच्चो की देखरेख एवं संरक्षण के लिए कार्यरत है, चाइल्डलाइन 1098 के हेमंत सिंह सिसोदिया, परियोजना समन्वयक ने बच्चो से बात करते हुए बाल विवाह एवं बाल श्रम अधिनियम की जानकारी दी, राजेश कुमार खोईवाल, टीम सदस्य ने बच्चो को चाइल्डलाइन 1098 की सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चो की सहायता के लिए चाइल्डलाइन 1098 सदैव तत्पर है, राजकीय विद्यालय सुभाष नगर के नाहर सिंह मीना, सुनील खोईवाल, परमेश्वर शर्मा, विकास जोशी ने बच्चो को शिक्षा के प्रति जागरूक किया एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता छोटू सिंह चौहान, निर्मल वैष्णव, नीरज कुमावत, राहुल सुवालका, निखिल सैन, पवन कुमावत रहे एवं उपविजेता तनीषा छिपा, अंजली राठौड़, पूजा जाटव, खुशी गहलोत, लक्की मेहरा रहे, साथ ही प्रतियोगिता में बच्चो को पुरुस्कार वितरित किए गए। उक्त जानकारी हेमंत सिंह सिसोदिया ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# उदयपुर के ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील कुमार त्रिपाठी व श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी ज्योतिष विभूषण अलंकार से सम्मानित



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** हरिद्वार में 'अंतर्राष्ट्रीय प्राच्य विद्दया उत्थान संघ, हेवर्ड कैलिफोर्निया अमेरिका' द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष एवं प्राच्य विद्दया सम्मेलन हरिद्वार, उत्तराखंड में स्वामी श्री राम जी आश्रम (उत्तर काशी वाले) रानी गली, सप्त सरोवर रोड, भूपतवाला में आचार्य राजेश मिश्रा बनारस, सनातनी स्वामी रामानंद जी महाराज, कार्यक्रम संयोजक धीरज पंवार, पंडित पवन सागर, बाबूलाल शास्त्री, आयोजक सर्वज्ञ मुनि डॉ. सत्येंद्र भारद्वाज द्वारा वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश लाल नागदा एवं वैदिक ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील कुमार त्रिपाठी को 'ज्योतिष विभूषण' अलंकरण से तथा श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी ज्योतिष श्री अलंकरण से सम्मानित किया गया ' इस मौके पर मंचासीन विद्वत जनों और देश के कोने कोने से पधारे ज्योतिषाचार्य ने ज्योतिष विषयों पर शोध पत्र एवं उद्बोधन दिए' उक्त जानकारी उदयपुर के ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील त्रिपाठी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह धोनी को दी हैं।

# कानपुर में गुजैनी क्षेत्र के अपराधियों पर शिकंजा कसने में सफल थानाध्यक्ष राजेश की कर्तव्यनिष्ठा, तीन गिरफ्तार

## दोनों पीड़ित पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद फरार चल रहे थे तीनों आरोपी

**मुंबई हलचल/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां तीन मनचले दबंग युवकों को छेड़खानी के साथ ही दो किशोरियों को बलात्कार का शिकार बनाने की कोशिश करना महंगा पड़ा। उन्हें अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले नवसृजित थाना गुजैनी की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल की हवा खिला दी। इन तीनों दबंग मनचलों के खिलाफ दोनों पीड़ित पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसके बाद तीनों फरार चल रहे थे। पीड़ित दोनों युवकों के साथ छेड़खानी के साथ ही बलात्कार की भी असफल कोशिश करने वाले इन तीनों दबंगों काकादेव थाना क्षेत्र में रहने वाले जितेंद्र हजारिया, अंकित पुत्र कामता प्रसाद और वरुण बिहार में रहने वाले शोभित यादव को गिरफ्तार करने में यह सफलता तब मिली जब निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की विचारधारा के अनुरूप अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तथा अपनी अब तक की जुझारू नौकरी में इसके पहले भी दर्जनों अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के कठोर परिश्रमी तेजतर्रार और व्यवहार कुशल गुजैनी के थाना प्रभारी राजेश कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर निकले हुए थे। राह चलते युवतियों के साथ छेड़खानी और उनके साथ बलात्कार की भी असफल कोशिश करने वाले इन तीनों दबंग शोहदों को गिरफ्तार कर जेल की हवा खिलाने वाले गुजैनी के जुझारू तेवरों वाले थानाध्यक्ष राजेश कुमार के बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि उनके यूपी पुलिस की सेवा के अबतक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। फिलहाल राह चलती युवतियों को छेड़खानी का शिकार बनाने वाले वालों के खिलाफ पुलिस की यह प्रभावी कार्रवाई क्षेत्र में प्रशंसा का भी पात्र बनी हुई है। एस ओ राजेश कुमार की अगुवाई में उन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा शेर सिंह, रिंकू कुमार, सिपाही जयहिंद और लोकेश कुमार शामिल रहे।




# जलसमाधि आंदोलन को लेकर रविकांत तुपकर को पुलिस ने दी नोटिस

## चाहे कुछ भी हो, जलसमाधि आंदोलन होगा: रविकांत तुपकर

**बुलढाणा।** सोयाबीन कपास किसानों की समस्याओं को लेकर बुलढाणा में आयोजित 'एल्गार मोर्चा' के बाद किसान रविकांत तुपकर ने अब किसानों के साथ सीधे मुंबई में अरब सागर में जलसमाधी लेने की चेतावनी दी है। उनके जलसमाधि आंदोलन की पृष्ठभूमि में बुलढाणा पुलिस ने उन्हें नोटिस जारी किया है लेकिन इस तरह के कितने ही नोटिस क्यों न आएं, रविकांत तुपकर ने अपने रुख का एलान किया कि वो सोयाबीन-कपास उत्पादकों के जायज हक के लिए मुंबई में जलसमाधि धरना करेंगे। ऐसी भूमिका की घोषणा रविकांत तुपकर ने की है। इस आन्दोलन के कारण बुलढाणा जिले के साथ मुंबई और अन्य जगहों पर कानून व्यवस्था की गंभीर समस्या की संभावना से इंकार नहीं किया। इसलिए किसान आंदोलन इस तरह का नहीं करना चाहिए। इस सिलसिले में इस प्रकृति का नोटिस बुलढाणा शहर के थानेदार प्रल्हाद काटकर और कर्मचारियों ने रविकांत तुपकर को शनिवार रात करीब 12 बजे उनके आवास पर जा कर दिया। बीच सरकार पुलिस के जरिए नोटिस भेजकर किसानों के आंदोलन को दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन यह सरकार को महंगा पड़ेगा। सरकार किसानों को जीने-मरने नहीं देती, इस बारे में सख्त फैसला लेना सरकार के लिए जरूरी है। कितने भी नोटिस मिल जाएं, हम मुंबई में अरब सागर पहुंचकर जलसमाधि धरना करेंगे। यह किसानों की लड़ाई है। यह विदर्भ मराठवाड़ा में सोयाबीन कपास उत्पादकों की लड़ाई है। राज्य में 70 प्रतिशत क्षेत्र सोयाबीन कपास उत्पादकों का है। इसलिए सरकार को किसानों की ताकत को कम नहीं आंकना चाहिए, भले ही जान चली जाए, रविकांत तुपकर ने एलान किया कि पीछे नहीं हटना है। किसानों के वाहनों का काफिला 23 नवंबर को सुबह 8 बजे बुलढाणा स्थित स्वाभिमानी हेल्पलाइन सेंटर से मुंबई के लिए रवाना होगा। 24 नवंबर को सुबह 10 बजे मंत्रालय के बगल में मरीन ड्राइव,गिरगाव चौपाटी अरब सागर जल समाधि लेंगे ऐसी जानकारी रविकांत तुपकर ने दी है।



# दरभंगा में 25/नवंबर को मजलिस कार्यकर्ताओं की होगी बैठक

**मधुबनी।** ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवां के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम के ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन में शामिल होने के बाद आज दरभंगा जिला के एमआईएम नेता लालबाग दरभंगा कार्यालय पहुंचे और नजरे आलम का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और बधाई दी। इस मौके पर अजमतुल्लाह अबू सईद, शफकत रिजवान, मुहम्मद अशरफ, इकबाल अजलान, जमीर खान, मुहम्मद अर्शी आदि मौजूद रहे। सभी लोगों ने अपने नेता से मिलने की खुशी जाहिर की और कहा कि निश्चित रूप से अब मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन मिथिलाँचल में मजबूती से काम करेगी और इसका असर पूरे बिहार में दिखेगा। मुलाकात के दौरान यह भी चर्चा हुई कि मिथिलाँचल में मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी से जुड़े सभी लोगों की बैठक बुलाई जानी चाहिए। सभी की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि बैठक शुक्रवार 25/नवंबर 2022 (2:30/ दोपहर) इंशा अल्लाह, अल्लामा इकबाल लाईब्रेरी, बीबी पाकर, दरभंगा में आयोजित की जाएगी। इसलिए मिथिलाँचल क्षेत्र में मजलिस से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं और विशेष रूप से अपने नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी को चाहने वालों से अनुरोध है कि इस बैठक में भाग लें ताकि पार्टी को मिथिलाँचल में मजबूती से फैलाया जा सके और लोगों को पार्टी से जोड़ पर एक मजबूत राजनीतिक विकल्प दे सकें।

# 14 वर्ष आयु वर्ग में छात्र कुश्ती में लगातार महात्मा गांधी विद्यालय पांचवीं बार चेम्पियन

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवगंज ने 66 वीं जिला स्तरीय कुश्ती छात्र ने 14 वर्ष में लगातार पांचवी बार एवं जूडो में भी जिला चेम्पियनशीप जीत कर आए खिलाडियों का विद्यालय परिवार ने एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्य छगनलाल भाटी की उपस्थिति में छात्रों का मोमेन्टो एवं माल्यार्पण द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के प्रदेश मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार खेल प्रभारी एवं शारीरिक शिक्षक धर्मेन्द्र गहलोत ने बताया कि 66 वीं जिला स्तरीय जूडो-कुश्ती राउप्रावि बाल्दा (वेलांगरी) में आयोजित हुई जिसमें महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ने लगातार पांचवी बार छात्र कुश्ती 14 वर्ष में जिला चेम्पियनशीप पर कब्जा बरकरार रखा। इसी तरह जूडो छात्र 14 वर्ष में चम्पियनशीप जीतकर नाम रोशन किया। साथ ही 17 वर्ष आयु वर्ग मे पॉवर लिफ्टिंग छात्र में जिला चेम्पियनशीप जीत कर नये खेल में कितीर्मान स्थापित किया। विद्यालय परिसर में आयोजित विजेता खिलाडियों के स्वागत समारोह में छात्र-छात्राओं का फुलमालाओं से विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया। साथ ही स्थानीय विद्यालय द्वारा राज्य स्तर पर 17 वर्ष वर्ग में प्रतिनिधित्व कर लौटे खिलाडियो का भी स्वागत किया। इस अवसर पर महेन्द्रपाल परमार, भंवरलाल हिण्डोनिया, नितेश शर्मा, मनीष शर्मा, रमेश कुमार, विनोद कुमार, कुलदीप बांगडा, आदित्य चौधरी, गुलाब चन्द, सुरजीतसिंह कविया, हीराराम सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भव्य स्वागत किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



# हद से ज्यादा बाल झड़ रहे हैं, तो आजमाएं ये अचूक उपाय

*प्रोटीन बालों के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इंसान के बालों में करीब 65 से 95 फीसदी प्रोटीन होता है। बालों के रोम छिद्रों को बनाने, रिपेयर और इसके ऊत्तकों को बनाए रखने के लिए प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों जैसे विटामिन और आयरन आदि जरूरी हैं।*



मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की क्लिनिकल न्यूट्रीशनिस्ट रितिका समादार के मुताबिक 'उचित मात्रा में प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से मिश्रित आहार बालों को अंदर से पोषण देता है। जानें कैसे रखें इनका खयाल- दाल व सोया उत्पाद से करें पूर्ति इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार एक वयस्क को एक ग्राम प्रति किलो वजन के हिसाब से रोजाना प्रोटीन लेना चाहिए। जैसे आपका वजन 60 किलो है तो 60 ग्राम प्रतिदिन प्रोटीन की जरूरत है। हाल ही हुए एक उपभोक्ता सर्वे के अनुसार 90 फीसदी भारतीय आवश्यकता से कम प्रोटीन लेते हैं। इसकी कमी पूरी करने के लिए साबुत दालें, हरी, चना व तुअर दाल, सोया उत्पाद, दूध, दही, पनीर, नट्स, कम फैट का मक्खन, मछली और अंडे ले सकते हैं। इसके अलावा बॉयोटिन भी महत्त्वपूर्ण पोषक तत्व है जो अनाज, अंडा, सोया व खमीर में पाया जाता है। बदलती जीवनशैली और हैल्दी डाइट न ले पाने से प्रचुर मात्रा में प्रोटीन नहीं मिल पाता। इसकी पूर्ति प्राकृतिक स्त्रोतों से ही करें। सप्लीमेंट लेना बहुत जरूरी हो तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें।

# क्या आपके बच्चें भी स्कूल जाने से कतराते है ?



बच्चें अक्सर स्कूल जाने से कतराते है। आपको हमेशा यही सुनने को मिलता होगा की मुझे नहीं जाना स्कूल, मुझे वहां बिल्कुल अच्छा नहीं लगता या फिर पेट, सर दर्द का बहाना। आइए जानते है कि क्या करें जब बच्चा स्कूल न जाएं।

1. बच्चों से पूछें की उन्हें स्कूल में क्या पंसद है क्या नहीं पंसद, उसकी समस्या जानने की कोशिश करें। उसके दोस्तों, सहपाठी, टीचर से भी जरूर बात करें आखिर बच्चा स्कूल क्यों नही आना चाहता।
2. बच्चों से कहे कि स्कूल की अच्छी बातों की एक लिस्ट बनाएं और बुरी बातों की, जिससे आपको यह जानने में मदद होगी कि आपके बच्चें को स्कूल में क्या पेसद है और क्या नहीं पंसद।
3. वह जिस विषय में कमजोर है उसे सिखाने के लिए मनोरंजक तरीके अपनाएं।
4. बच्चों से उनकी मनपंसद बाते करे, उन्हें किन चीजों का शोक है उनसे यह पूछें।
5. उनके लंच बॉक्स में रोज अच्छी अच्छी चीजें बना कर दें।

# इन वजहों के कारण बेटी हो जाती है मां से दूर!



मां और बेटी का रिश्ता सब रिश्तों से अलग होता है। हर बेटी अपनी मां की परछाई होती है। बेटी हर चीज अपनी मां से ही सिखती है। मां से बढ़कर बेटी के लिए कोई और नहीं होता लेकिन कुछ परिस्थितियां ऐसी पैदा हो जाती है कि बेटी धीरे-धीरे अपनी मां से दूर होने लगती हैं। आज हम आपको ऐसी ही कुछ कारण बताएंगे, जिनके कारण बेटी अपनी मां से दूर हो जाती हैं।

**हर बात पर टोकना**

कपड़े ऐसे क्यों पहने है, कहां से आ रही हो, किससे बात कर रही, कोई काम कर लिया करो। बेटी को हर बात पर टोकने से उनके मन में गहरा प्रभाव पड़ता है। कुछ भी कहने से पहले उनकी बात जरूर सूने। अगर कॉलेज से लेट आई है तो लेट आने का कारण पूछें ताकि आपका रिश्ता खराब न हो।

**बच्चे पर विश्वास न करना**

अपनी बेटी पर विश्वास करें। अगर आप उस पर विश्वास नहीं करेगी तो वो आपसे किसी भी बात को शेयर नहीं करेगी। ऐसे में रिश्ते में दूरियां बढ़ जाएगी।

**छोटी उम्र में जिम्मेदारियों का एहसास दिलाना**

छोटी सी उम्र में बच्ची को घर की जिम्मेदारियों का एहसास करवाना गलत है। ऐसे में बच्ची मां से डर कर घर का काम करना तो शुरु कर देती है लेकिन उसके मन में अपनी मां के लिए हीन भावना पैदा होने लगती है।

**कभी प्यार से बात न करना**

बेटी से कभी प्यार से बात न करना, उन्हें गले न लगाना। इन बातों से आपकी बेटी आपसे दूर हो जाती है और उन्हें अपनी दोस्त की मां अच्छी लगने लगती है।

# बीमारी ऐसी कि महिला को हो गई अपने पति से एलर्जी



29 साल की एक अमेरिकन महिला को जिस बात से एलर्जी है, वो आपको बेहद हैरान कर सकती है। दरअसल, 29 साल की अमेरिकन महिला जोआना वाटकिंस को अपने पति से ही एलर्जी है। जोआना के मुताबिक उन्हें अपने पति के शरीर से एक अजीब सी महक आती है। ऐस अजीब सी महक उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं हैं और यही उनके एलर्जी की वजह है। उन्होंने बताया कि वो ये महक बिल्कुल भी सहन नहीं कर पाती है और वे इस एलर्जी से काफी परेशान हो जाती हैं। एक साल से जोआना और उनके पति अलग-अलग कमरों में सो रहें हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# बिजनेसमैन को डेट कर रहीं हैं मानुषी छिल्लर

**पूर्व मिस वर्ल्ड** मानुषी छिल्लर के रिलेशनशिप में होने की खबरें आ रही हैं। 2017 में मिस वर्ल्ड का क्राउन अपने नाम करने वाली मानुषी बिजनेसमैन निखिल कामत को डेट कर रही हैं। निखिल कामत फाइनेंशियल कंपनी जेरोधा के को-फाउंडर हैं। जो खबरें सामने आ रही है उसके मुताबिक दोनों एक दूसरे को 2021 से ही डेट कर रहे हैं और दोनों की फैमिलीज भी एक दूसरे को अच्छे से जानती हैं। खबर के मुताबिक मानुषी और निखिल कामत एक दूसरे को 2021 से डेट कर कर रहे हैं और अब साथ भी रहने लगे हैं। सोर्सेस का कहना है दोनों की फैमिली भी एक दूसरे से अच्छी तरह वाकिफ है। हालांकि मानुषी का पूरा ध्यान अभी उनके बॉलीवुड करियर पर है इसलिए वो बिल्कुल नहीं चाहती कि उनके रिलेशनशिप की बात ज्यादा सकुर्लेट हो। निखिल कामत पहले से ही शादीशुदा हैं। उन्होंने 2019 में इटली के फ्लोरेंस शहर में अमांडा नाम की एक महिला के साथ शादी की थी। हालांकि एक साल के भीतर ही दोनों अलग हो गए। खबरों से मुताबिक दोनों ने 2021 में तलाक ले लिया। निखिल कामत इंडियन फाइनेंशियल कंपनी जेराधा के को-फाउंडर हैं। मानुषी छिल्लर की बात करें तो उन्होंने 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था।





# सैफ अली ने बताई सोशल मीडिया पर न आने की वजह

**बॉलीवुड** एक्टर सैफ अली खान से हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि वो सोशल मीडिया से क्यों दूरी बनाकर रखते हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि वो किसी झंझट में नहीं पड़ना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि पैसा कमाने के लिए वो सोशल मीडिया पर आ सकते हैं। दरअसल, इस मामले में करीना और सैफ एक दूसरे से बेहद अलग हैं। जहां उनकी पत्नी करीना कपूर खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं, वहीं सैफ इससे कोसों दूर हैं। सैफ ने कहा, मैं ठीक ठाक फोटोजेनिक इंसान हूं, लेकिन मेरी टन फोटोज होंगी जो शायद दबी रह जाती हैं, क्योंकि मुझे चीजों को रिकॉर्ड करना ज्यादा पसंद है। वैसे मैं शेयर भी कर सकता हूं, लेकिन फिर लोग कहेंगे कि ये मत शेयर करो वो मत शेयर करो। सैफ ने आगे कहा, मुझे अपना अकाउंट मैनेज करने के लिए किसी मैनेजर से बात करनी पड़ेगी। फिर वो कहेंगे कि मेरा ऐसा करना पॉलिटिकल तौर पर गलत होगा। इसलिए कोई तुक नहीं बनता कि मैं ये करूं। तब एक लाख लोग मुझसे कहें कि आप इस फोटो को पोस्ट करके ऐसा कर सकते हैं। इसलिए मैं उस झंझट में नहीं पड़ना चाहता। सैफ ने आगे बातचीत के दौरान सोशल मीडिया ज्वाइन करने को लेकर भी बात करते हुए कहा, एक वजह है कि मैं सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के बारे में सोच सकता हूं। इसकी मदद से बहुत पैसा बनाया जा सकता है। केवल यही इकलौती ऐसी चीज है जो मुझे इसका इस्तेमाल करने के लिए लुभाएगी।



# भारतीय महिलाओं के कपड़ों पर जया बच्चन ने दिया शॉकिंग बयान

**हिंदी** सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर अपने बेबाक अंदाज और मीडिया के साथ अपने बर्ताव को लेकर सुर्खियों में छाई रहती है। जया बच्चन ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि भारतीर महिलाएं वेस्टर्न कपड़ों को पहनने पर क्यों ज्यादा जोर देती हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं यह नहीं कह रही हू कि जाओ साड़ी पहनो लेकिन,आज भी ऐसी बहुत सी महिलाएं हैं जो भारतीय परिधान ही पहनती हैं और बहुत ऊंचे पद पर काम कर रही हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि जब से भारतीय महिलाओं ने पैंट पहनना शुरू किया है तभी से उनकी सोच में काफी बदलाव आ गया है। अब जया बच्चन भले ही भारतीय महिलाओं पर वेस्टर्न आउटफिट कुछ खास समझ आते हो,लेकिन उनकी बेटी श्वेता बच्चन अपनी मां की इन बातों में बिलकुल भी विश्वास नहीं रखती। उनका कहना था कि वेस्टर्न कपड़ों में महिलाएं काम करते समय ज्यादा कंफर्टेबल महसूस करती हैं। साथ ही अपनी मां की बातों का साथ देते हुए नव्या ने कहा कि आज महिलाएं सिर्फ घर पर ही नहीं रहती, वे बाहर भी जाती हैं और साड़ी पहनने की तुलना में पैंट-शर्ट पहनना ज्यादा आसान और कंफर्टेबल होता है। ●